Edit with WPS Office

Revision Worksheet

Class: **छठवीं**	Topic: T3 पाठ्यक्रम
Subject: हिंदी	Date: 11-11-2021

निर्देश - कार्यपत्रक आपके अभ्यास हेतु दिया गया है। नोट बुक में लिखना अनिवार्य नहीं है।

वैकल्पिक प्रश्नोत्तर- एक अंकीय
प्रश्न 1 सही विकल्प का चयन कीजिए।

1. 'टिकट अलबम' पाठ के लेखक कौन हैं?
अ.सुंदरा रामस्वामी
ब.भगवतशरण उपाध्याय
स.विष्णु प्रभाकर
द. गुणाकर मुले

2. नागराजन को लड़के क्यों घेरे रहते थे?
अ.उसके पास सुंदर खिलौने थे।
ब.उसके पास एक टिकट अलबम था।
स.वह अपने टिफिन में अच्छे-अच्छे पकवान लाता था।
द.वह अच्छे-अच्छे चुटकुले सुनाता था।

3. राजप्पा नागराजन का अलबम क्यों नहीं देखना चाहता था?
अ. ईर्ष्यावश
ब. प्रसन्नता के कारण
स.सामान्य रूप से
द.संकोच के कारण

4. नागराजन के अलबम पर नागराजन का नाम किसने लिखा था?
अ. राजप्पा ने
ब. नागराजन ने
स. नागराजन के मामा ने
द. इनमें से कोई नहीं

5. नागराजन को अलबम कहाँ से भिजवाया गया था?
अ. सिंगापुर से
ब. हाँगकाँग से
स. लंदन से
द. न्यूयार्क से

6. टिकट की तलाश में राजप्पा घर से सुबह कितने बजे निकल जाता था?
अ. पाँच बजे
ब. सात बजे
स. आठ बजे
द. नौ बजे

7. राजप्पा ने नागराजन का अलबम किसके पीछे छिपा दिया?
अ.अलमारी
ब. ड्रम
स.पलंग
द.बिस्तर

Edit with WPS Office

8.अँगीठी पर क्या चढ़ा था?
अ.देगची
ब.पतीला
स.ड्रम
द.केतली

9. किनके सिंहासन हिल उठे थे?
अ.अंग्रेज़ी शासन
ब.स्वदेशी राजवंशियों के
स.मुगलों के
द.अत्याचारियों के

10. मुँहबोली बहन कैसी बहन होती है ?
अ.सगी
ब.चचेरी
स.ममेरी
द.धर्म

11. लक्ष्मी बाई की आराध्य देवी कौन थीं ?
अ. भवानी
ब.भगवती
स.भागीरथी
द. भैरवी

12. वैभव से तात्पर्य किस व्यक्ति से है ?
अ. लक्ष्मीबाई
ब. गंगाधर राव
स. नाना साहब
द. अर्जुन

13. झाँसी का दीप किसे कहा गया है ?
अ.गंगाधर राव को
ब.लक्ष्मीबाई को
स.डलहौज़ी को
द. पेशवा को

14. अँग्रेज़ भारत में क्या बनकर आए थे ?
अ. शैतान
ब. व्यापारी
स. सैनिक
द. शासक

15. वज्र - निपात किन पर हुआ था ?
अ. नागपुर - कानपुर
ब. बर्मा - सिंध
स. सतारा - कर्नाटक
द. मद्रास - हैदराबाद

16.'कालगति' क्या होती है ?
अ. समय का आना
ब. समय का फेर
स. समय का चक्र
द. समय का रुकना

Edit with WPS Office

बहुविकल्पीय प्रश्न - दो अंकीय

1. राजप्पा नागराजन को घमंडी क्यों कहता फिरता?
अ. उसके आसपास लड़कों का जमघट लगा रहता था।
ब. वह स्वयं को चालाक समझता था।
स. वह बहुत बुद्धिमान था।
द. वह राजप्पा को पसंद नहीं करता था।

2. राजप्पा को क्या धुन सवार थी?
अ. सुबह जल्दी उठने की
ब. तरह-तरह की टिकटें जमा करने की
स. पुस्तकें पढ़ने की
द. टिकटें जमा कर मित्रों को देने की

3.राजप्पा ने अलबम को क्यों छिपा दिया?
अ. वह नागराजन के अलबम को फाड़ देना चाहता था।
ब. वह अलबम को जला देना चाहता था।
स. वह डर गया था।
द. वह चाहता था कि किसी को इसके बारे में कुछ पता न चले।

4. राजप्पा के कुढ़ने का क्या कारण था?
अ. मित्रों का कम हो जाना
ब. मित्रों द्वारा अब उसे पसंद ना किया जाना
स. साथियों द्वारा उसकी और उसके अलबम की उपेक्षा करना
द. पिताजी द्वारा प्रताड़ित किया जाना

5. राजप्पा की आँखों में आँसू क्यों आ गए?
अ. नागराजन के अलबम को जलते हुए देखकर
ब. नागराजन की सुंदर-सुंदर टिकटें देखकर
स. मित्रों द्वारा बात ना किए जाने पर
द. पुलिस के डर से

6. 'भृकुटी तानी' से कवयित्री का तात्पर्य क्या है?
अ. तिरछी नज़रों से देखना
ब. क्रोध भरी नज़रों से देखना
स. एक आँख से देखना
द. युद्ध के लिए तैयार होना

7. मराठा क्यों पुलकित होते थे?
अ. लक्ष्मीबाई की वीरता, शत्रु सेना को घेरना, तलवार के वार, व्यूह रचना देखकर
ब. लक्ष्मी बाई के साहस को देखकर
स. लक्ष्मीबाई के तलवार की कलाबाजी देखकर
द. लक्ष्मीबाई के महल को देखकर

8. 'विरुदावलि' क्या होता है?
अ.राजा महाराजाओं के शत्रुओं का गान
ब.यश का गान
स.सौंदर्य का गान
द.युद्ध का गान

9. डलहौज़ी मन ही मन क्यों प्रसन्न हुआ?
अ. डलहौज़ी को अब अवसर मिल गया कि वह झाँसी राज्य को अँग्रेज़ी राज्य में मिला सकता था।
ब. डलहौज़ी झाँसी पर हमला करना चाहता था।
स. वह लावारिस राज्य का वारिस बनना चाहता था।

Edit with WPS Office
द. सभी कथन सत्य हैं।

10. 'झाँसी की रानी' कविता से उस समय के माहौल के बारे में क्या पता चलता है?
सही विकल्प का चयन कीजिए।
अ.सारा देश गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए तैयार था।
ब.अँग्रेज़ भारतीयों पर खूब अत्याचार कर रहे थे।
स. उस समय लोग आत्म-बलिदान से डर रहे थे।
द. उस समय देश के स्वाधीनता संग्राम में आम जनता हिस्सा नहीं लेना चाहती थी।
1. कथन अ, ब सही हैं।
2.कथन स,द सही हैं।
3. कथन अ, ब, स सही हैं।
4.उपरोक्त सभी कथन सही हैं।

व्याकरण
वैकल्पिक प्रश्न - एक अंकीय
1. लिंग की पहचान कैसे की जा सकती है?
अ.क्रिया के रूप से
ब.संज्ञा द्वारा
स.सर्वनाम से
द.विशेषण शब्द द्वारा

2. 'पाठक' और 'वीर' का स्त्रीलिंग शब्द बताइए।
अ.पाठयिका, वीरा
ब.पाठिका, वीरांगना
स.पाठिका, वीर
द.इनमें से कोई नहीं

3. 'देवर' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है-
अ.देवरानी
ब.देवयानी
स.देवरी
द.देवरा

4. निम्न में पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?
अ.हिंदी
ब.दही
स.नदी
द.पूर्णिमा

5. कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग का नहीं है?
अ.छात्रा
ब.पृथ्वी
स.वधू
द.जीवन

6. श्रुतिसम भिन्नार्थक का सही जोड़ा होगा-
अ. अचार - अचारी
ब. अचार - आचार
स. अचार - अनाचार
स. अचार - सदाचार

7. 'अक्षर' शब्द के अनेकार्थक शब्द हैं-
अ. वर्ण, गगन, संख्या
ब. बकरा, सोना, गेहूँ

Edit with WPS Office
स. अर्थ, मतलब, आत्मा
द. वर्ण, गगन, आत्मा

8. 'अक्ल पर पत्थर पड़ना' का सही अर्थ होगा-
अ. अपनी प्रशंसा आप करना
ब. बुद्धि भ्रष्ट होना
स. शर्मिंदा होना
द. बहुत क्रोधित होना

9 'होश आना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा है-
अ. आँखें बिछाना
ब. आँच न आने देना
स. आँखें खुलना
द. आँखों से अंगारे बरसना

वैकल्पिक प्रश्न - दो अंकीय
1. निम्नलिखित में से गलत कथन बताइए।
अ. 'श्रीमती' का पुल्लिंग 'श्रीमान' होता है।
ब. तिथियों के नाम सदैव पुल्लिंग होते हैं।
स. महीनों तथा दिनों के नाम पुल्लिंग होते हैं।
द. 'लुहारिन' शब्द 'लुहार' का स्त्रीलिंग है।
1. कथन अ गलत है।
2.कथन ब गलत है।
3. कथन स गलत है।
4. कथन द गलत है।

2. 'पाठकों ने कविता की प्रशंसा की।' लिंग परिवर्तन करके इस वाक्य का रूप होगा-
अ. पाठक ने कविता की प्रशंसा की।
ब. पाठिका ने कविता की प्रशंसा की।
स. पाठिकाओं ने कविता की प्रशंसा की।
द. पाठयिका ने कविता की प्रशंसा की।

3. सफ़ाई करते-करते ---------- थक गई।
अ.सेविका
ब.सेवक
स.कर्मचारी
द.खिलाड़ी

4. रवि, नीरा, जापान, नदी इन शब्दों की क्रमवार पहचान है-
अ. पुल्लिंग, स्त्रीलिंग, पुल्लिंग, स्त्रीलिंग
ब. स्त्रीलिंग, पुल्लिंग, स्त्रीलिंग, पुल्लिंग
स.स्त्रीलिंग, स्त्रीलिंग, स्त्रीलिंग, पुल्लिंग
द. पुल्लिंग, पुल्लिंग, स्त्रीलिंग, स्त्रीलिंग

5. निम्नलिखित (श्रुतिसम भिन्नार्थक) वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है-
अ. रोहण को उसकी माता ने अविलंब घर आने के लिए कहा।
ब. सोहम को गणित विषय में अच्छे अंग मिले हैं।
स. 'राम-चरित मानस' अवधि में है।
द. मनुष्य की पहचान उसके अचार से होती है।

6. निम्नलिखित शब्दों के उचित अर्थ वाले शब्द हैं-
अ. अक्षर - वर्ण, गगन, बकरा
ब. अर्थ - धन, मतलब, प्रयोजन
स. कनक - सोना, धतूरा, हाथ

Edit with WPS Office

द. कर - टैक्स, किरण, संख्या

दीर्घ उत्तरीय एवं मूल्यपरक प्रश्न - तीन अंकीय

प्रश्न1 - 'झाँँसी की रानी' कविता में किस दौर की बात है ? कविता से उस समय के माहौल के बारे में क्या पता चलता है ?
प्रश्न2 - नागराजन ने अलबम के मुख्य पृष्ठ पर क्या लिखा और क्यों? इसका असर कक्षा के दूसरे लड़के-लड़कियों पर क्या हुआ?
प्रश्न3 - प्रत्येक व्यक्ति को अपने देश से प्रेम करना चाहिए। क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने विचार लिखिए।
प्रश्न4 - हमें किसी से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए। क्यों?

पत्र-लेखन - 4 अंक (कोई एक)
1.आपको अपने मनपसंद अभिनेता से मिलने का अवसर मिला इस अनुभव के बारे में बताते हुए अपने नानाजी को पत्र लिखिए।
2.आपने पहली बार मंच पर कविता पाठ किया अपने उस अनुभव के बारे में बताते हुए अपनी सखी को पत्र लिखिए।